पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-15

वृहस्पतिवार, दिनांक- 17 जुलाई, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.25 बजे अप० तक

[1] प्रश्नोत्तरकाल :-

(i) 12 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 02 तारांकित प्रश्न क्रम सं०-960 एवं 964 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रम सं०-958 लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को स्थानांतरित ।

(iv) 65 तारांकित प्रश्न अनागत ।

''तारांकित प्रश्न क्रम सं०-962 के उत्तर के उपरांत माननीय सदस्यों की मांग पर आसन से घोषणा की गई कि इस पर बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-94 के अन्तर्गत तीस मिनट (30 मिनट) का वाद-विवाद कराया जायगा ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह एवं श्री प्रेम कुमार द्वारा दिये गये कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन से अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

[3] अन्य चर्चाएँ :-

माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा राज्य में बढ़ रहे अपराध की घटनाओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए मांग की गई कि इस पर सदन में चर्चा होनी चाहिए ।

आसन से कहा गया कि गृह विभाग के अनुदान की मांग पर चर्चा के दौरान इसे रखा जाय ।

[4] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों ने राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया -

(i) श्री अरूण शंकर प्रसाद	(ii) श्री प्रमोद कुमार
(iii) श्री तारकिशोर प्रसाद	(iv) श्रीमती मुन्नी देवी

(v)	श्री राजेश्वर राज	(vi)	श्रीमती पूनम देवी यादव
(vii)	श्री प्रदीप कुमार	(viii)	श्री राजकुमार राय
(ix)	श्री ललन राम	(x)	श्री प्रेम कुमार
(xi)	श्री जनक सिंह	(xii)	डा० अच्युतानन्द
(xiii)	श्री अनिल सिंह	(xiv)	श्रीमती उषा विद्यार्थी
(xv)	डा० इजहार अहमद	(xvi)	श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

[5] बिहार राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के सिनेट के सदस्यों के लिए बिहार विधान सभा के सदस्यों का मनोनयन :-

बिहार राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय के सिनेट सदस्यों, कृषि विश्वविद्यालयों, बिहार राज्य ईख बोर्ड, बिहार राज्य होमियोपैथिक चिकित्सा बोर्ड, राजकीय आयुर्वेदिक एवं युनानी चिकित्सा परिषद्, बिहार भूमि आयोग, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, बिहार राज्य संस्कृत शिक्षा बोर्ड तथा नि:शक्त व्यक्ति (समान अवसर अधिकारों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम के तहत् राज्य स्तरीय समन्वयक समिति के सदस्यों के रूप में बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यों को मनोनीत करने हेतु माननीय अध्यक्ष महोदय को प्राधिकृत किये जाने का प्रस्ताव माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग द्वारा सदन में प्रस्तुत किया गया जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[6] ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) माननीय सदस्य श्री अशोक कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का दिनांक 14.07.2014 से स्थगित नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री जनक सिंह एवं अन्य सभासदों का समाज कल्याण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य मो० तौसिफ आलम एवं अन्य सभासदों का पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री पथ निर्माण विभाग द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

भोजनावकाश के बाद

समय- 2.00 बजे अप० से 5.02 बजे अप० तक ।

[7] वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद एवं मतदान :-''पर्यावरण एवं वन विभाग''

माननीय मंत्री श्री प्रशांत कुमार शाही द्वारा पर्यावरण एवं वन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर द्वारा पर्यावरण एवं वन विभाग के अनुदान की मांग पर विचार विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री प्रमोद कुमार

(इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ii)	श्री श्याम बिहारी राम	(iii)	श्री लक्ष्मी नारायण यादव
(iv)	मो० अफाक आलम	(v)	श्री ब्यासदेव प्रसाद
(vi)	श्री ललन राम	(vii)	श्री सोनेलाल हेम्ब्रम
(viii)	श्री दुर्गा प्रसाद सिंह	(ix)	श्री कृष्णनन्दन यादव
(x)	श्री पवन कुमार जायसवाल	(xi)	श्री अमन कुमार
(xii)	श्रीमती मंजू वर्मा	(xiii)	श्री बृजकिशोर विन्द

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xiv) श्री प्रदीप कुमार (xv) श्री कन्हैया कुमार

माननीय मंत्री पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

''सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा पर्यावरण एवं वन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

[8] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 26 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 18 जुलाई, 2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-17.07.2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।